**16.58 hrs.**

[MR. SPEAKER *in the Chair*]

But the railways should do something more in order that the housing facilities, the allowances and other amenities being given to their employees may be enhanced. For instance some railway servants live in out-of-way places, 3 or 4 miles from the nearest habitation. The railways should look into their safe living. Railways are running some schools. It is a very good public utility service, but sometimes the railway schools do not compare favourably with the schools run by the Central Government or some State Governments. All these are amenities which railway servants should enjoy. While deciding about the dividend, the railway convention committee should take into account the fact that changing times require a changing attitude towards the benefits and amenities the employees should receive, towards the good things of life they should have. So, this convention has to make a three-pronged approach to this problem.

**Mr. Speaker:** Will he conclude in two minutes or continue tomorrow?

**Shri D. C. Sharma:** I will continue tomorrow.

---

**17 hrs.**

## CALLING ATTENTION TO MATTERS OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

### (ii) ARREST OF SHEIKH MOHAMMED ABDULLAH AND MIRZA AFZAL BEG.

**Mr. Speaker:** Some hon. Members have given notices of a Calling Attention Notice. They have been there when the Minister informed me yesterday that he was going to make a statement.

**Shri Hem Barua** (Gauhati): We gave our notice on Saturday.

**श्री किशन पटनायक (सम्बलपुर):** अध्यक्ष महोदय, मैं अविलम्बनीय लोक महत्व के निम्नलिखित विषय की ओर गृह-कार्य मंत्री का ध्यान दिलाता हूं और प्रार्थना करता हूं कि वह इस बारे में एक वक्तव्य दें :

"शेख अब्दुल्ला की गिरफ्तारी और स्थानबन्धना"

**The Minister of Home Affairs (Shri Nanda):** Sir, I have to report to the House that in the early hours of Saturday, the 8th May 1965, Sheikh Mohammed Abdullah and Mirza Afzal Beg on their return from abroad were served at the Palam Airport with orders under clauses (d) and (f) of sub-rule (1) of rule 30 of the Defence of India Rules requiring them to proceed immediately to Ootacamund in Madras State and to remain within the municipal limits of that place. These orders were served with a view to preventing them from acting in a manner prejudicial to the defence of India, civil defence, public safety and the maintenance of public order. Government had made the necessary arrangements for their journey and had also hired a suitable residence for their occupation while in Ootacamund. Sheikh Abdullah and Mirza Afzal Beg reached Ootacamund on the evening of the 8th May. Their activities during the last two months or so had made it clear that unless some restrictions were placed on their movement they would act in a manner prejudicial to the external and internal security of the country. It, therefore, became absolutely necessary to take the step we have taken.

The supporters of Sheikh Abdullah and the pro-Pakistani elements generally in Srinagar and certain other places in the Kashmir valley have indulged in lawlessness including arson and attack on public servants and property. The State Government have dealt with the situation with firmness combined with restraint and they are determined to deal effectively with any further attempts to interfere with the

[Shri Nanda]

normal life of the citizens or to disturb the peace.

As I indicated in the morning—that is why I wanted a few more hours before placing the statement before the House—I wanted to acquaint myself with the position. I have got the latest position and I would like to share it with the House. There has been hartal at some places but at others shops have opened. Life is completely normal in almost all places, including the important towns of Gulmarg, Pahalgam etc. As I have said before, the disorder has been mainly limited to certain interior parts of Srinagar town, and all other parts of the Valley have been quiet and peaceful. A large number of tourists, foreign as well as Indian, are presently holidaying in Kashmir and more continue to go there for the purpose.

The situation is completely under control and even in the affected parts of the Srinagar town, it is reported to be completely quiet today.

I may express my satisfaction on the firm and statesmanlike manner in which the State Government, under the leadership of the Chief Minister, has dealt with the situation.

**श्री किशन पटनायक** : सरकार को यह याद दिलाते हुए कि शेख अब्दुल्ला की पिछली रिहाई के बाद स्वर्गीय प्रधान मंत्री श्री नेहरू ने उन्हीं को दूत बना कर पाकिस्तान के साथ हिन्द पाक और काश्मीर के मामले में एक व्यापक और स्थायी समझौते का कदम उठाया था जिस में महासंघ वगैरह की भी बात आ जाती थी, मैं पूछना चाहता हूं कि क्या सरकार उस कदम को या उस नीति को अभी भी जारी रखती है या कभी बख्शी, कभी शेख और कभी सादिक, इस तरह के गुटों के बल पर काश्मीर को अपने पास रखना चाहती है। क्या कोई स्थायी, सुदृढ़, और व्यापक नीति सरकार के पास है।

**Shri Nanda:** At the moment, in the present circumstances, we are concerned only with the aspect of security of the nation.

**डा० राम मनोहर लोहिया** (फर्रुखाबाद) : अध्यक्ष महोदय, बहुत कम ऐसे मौके आते हैं इस सभा में जब सरकार के किसी काम का विरोध न करने की मुझे खुशी मिले। आज ऐसा मौका है। मैं यह इस लिये कहता हूं कि मैंने शेख साहब से उम्मीद की थी कि वह हिन्दुस्तान और पाकिस्तान को नजदीक लाने की कोशिश करेंगे, हिन्दू और मुसलमान को एक करने की कोशिश करेंगे और काश्मीर के मामले से दूर रहेंगे। "काश्मीर के मामले से" मुझे यह कहने का हक इस लिये भी है कि मैं पहला हिन्दुस्तानी था जिस ने लगातार शेख साहब की रिहाई की मांग की थी और एक जमाना था कि श्रीनगर की सब से बड़ी मस्जिद में जहां "शेख अब्दुल्ला जिन्दाबाद" कहा जाता था वहां "लोहा जिन्दाबाद" भी कहा जाता था।

**अध्यक्ष महोदय** : डाक्टर साहब, मुझे दखल देना पड़ता है कि यहां तो सिर्फ एल्यूसिडेशन के लिये सवाल हो सकते हैं।

**डा० राम मनोहर लोहिया** : आप कहें तो मैं बैठ जाऊंगा, लेकिन यह एक ऐसा मौका है जब आप को मुझे दो मिनट, एक मिनट, कुछ तो मौका देना चाहिये।

**अध्यक्ष महोदय** : अच्छा लीजिये दो मिनट।

**डा० राम मनोहर लोहिया** : अब इसके साथ मेरा पहला सवाल यह है कि क्या बात है कि सरहद पर हमेशा हम दोर्जी कुटुम्ब जैसे कुटुम्ब भूटान में, शेख अब्दुल्ला काश्मीर में और फीजो जैसे लोग नागालैंड में पाते हैं और पख्तूनिस्तान में खां अब्दुल गफ्फार खां जैसे लोग और तिब्बत में दलाई लामा जैसे लोग खोते हैं। कहीं सरहद पर हमारी कोई बड़ी गलती रही है। यह मैं आज द्वेष निकालने के लिये नहीं कह रहा हूं, बल्कि इस लिये

कि शायद इस का कारण है पिछले सत्तरह वर्ष से साम्राज्यशाह कहे जाने का डर। लेकिन हिन्दुस्तान की आजादी, एकता और पुर्खों की थाती बनाये रखने इन दोनों में द्वन्द्व रहता है। क्या यह सरकार अब मात्रा भेद सीखेगी जो कि राजनीति का सब से बड़ा रहस्य है।

मेरी आखिरी बात यह है कि अगली दफे जब सरकार मुझे गिरफ्तार करे तो शेख अब्दुल्ला को जितनी रियायतें उस ने दी हैं कम से कम उस की आधी रियायतें मुझे भी दे दें।

**अध्यक्ष महोदय** : इस के जवाब की जरूरत नहीं है।

**Shri Hem Barua**: May I know (a) if the attention of Government is drawn to the statement made by Mr. Bhutto who has described the arrest as ruthless and lawless, the statement of Mr. Jaya Prakash Narayan who has described the arrest as unwarranted..

**श्री दे० शि० पाटिल** (यवतमाल) : और तीसरा नाम है श्री विनोबा भावे का।

**Shri Hem Barua**: and the statement of Acharya Vinobha Bhave who has described the arrest as lack of foresight; (b) if the attention of Government has been drawn to the fact that press photographers were maltreated by policemen at Palam Airport; and (c) if the attention of Government is drawn to the fact that the morning news bulletin of the All India Radio did not contain any reference to the arrest of Sheikh Abdullah although he was arrested four hours earlier, and if the attention of Government is drawn....

**Mr. Speaker**: If the question contains more than one question, then one might be answered and not the others.

**Shri Nanda**: May I answer it now?

**Mr. Speaker**: Let him finish.

**Shri Hem Barua**: My question is, if the attention of Government is drawn to these facts, would the Government give us a reply or give us their responses and reactions to each of the counts one by one?

**Mr. Speaker**: I shall ask the hon. Minister to answer only one of the questions.

**Shri Nanda**: I would act according to the preference of the hon. Member. I shall deal with the first priority of the hon. Member, and that was in relation to the opinions expressed by Mr. Bhutto to Acharya Vinoba Bhave. I shall not concern myself with Mr. Bhutto because I cannot expect anything else from that quarter.

Regarding Acharya Vinoba Bhave, the PTI report is as follows:

> "Acharya Vinoba Bhave said here today he would not blame the Government of India for serving the internment order on Sheikh Abdullah as the Government bore the responsibility for maintenance of law and order and for the defence of the country.
>
> The Acharya who was addressing a conference of the workers of the Sarva Seva Sangh at Gopuri added that had he been in his (Sheikh Abdullah's) place, he would have undertaken the Haj pilgrimage in a religious spirit and returned to India in the same spirit."

**Shri Hem Barua**: What were the last words in that message? Let the hon. Minister please look at the last words of his statement in that very report. He complains of lack of foresight.

**Shri Nanda**: Those words do not appear there. They are not there.

**Shri Hem Barua**: I can produce that report.

श्री बड़े (खारगोन) : अध्यक्ष जी, मैं पहले शासन को धन्यवाद देना चाहता हूं और उसके बाद यह कहना चाहता हूं कि शासन ने शेख अब्दुल्ला को उटकमंड में म्युनिसिपल लिमिट्स में इधर उधर जाने की अनुमति क्यों दी है ? उनको गिरफ्तार करके एक ही इमारत में क्यों नहीं रखा ? और दूसरे जयप्रकाश नारायण पर रोक लगाने के लिए सरकार क्या कर रही है कि वह इस प्रकार के वक्तव्य न दें ?

अध्यक्ष महोदय : इस में दो सवाल आ गए, एक का जवाब दिया जाए ।

श्री बड़े : जयप्रकाश नारायण वाले सवाल का जवाब दिया जाए ।

**Shri Nanda:** The first question was about the conditions in which Sheikh Abdullah was being kept in Ooty. He is free to move about within the municipal limits of the city and not outside, and there are certain other restrictions, so that we safeguard the requirements of security, for which purpose he has been kept there.

**Shri Bade:** What about the statement of Shri Jayaprakash Narayan?

**Mr. Speaker:** That is a different question. I would not allow it.

**Shri P. R. Chakraverti** (Dhanbad): May we know the reactions of Government to the statement of Shri Jayaprakash Narayan that even from the political point of view, assuming that the Government is still desirous of settling the Kashmir question in a manner that might be satisfactory and honourable to the people of Kashmir, this action is ill-conceived and pregnant with much trouble?

**Shri Nanda:** We need not concern ourselves with the threats issued by anyone to us.

श्री हुकम चन्द कछवाय (देवास) : मैं यह जानना चाहता हूं कि जयप्रकाश नारायण द्वारा जो वक्तव्य दिए जा रहे हैं उन को रोकने के लिए सरकार क्या कर रही है, और दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं . . . . .

अध्यक्ष महोदय : दूसरी बात नहीं आएगी ।

श्री नन्दा : बात करने वाले बहुत हो सकते हैं, लेकिन जिस बात को महत्व दिया जाता है उस के सम्बन्ध में ऐक्शन लिया जाता है ।

श्री मधु लिमये (मुंगेर) : मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या काश्मीर, पाकिस्तान आदि मामलों के बारे में हमेशा एक दो सालों का विचार कर के ही नीति तै की जाएगी, या कोई लम्बान का भी विचार किया जाएगा ? अगर लम्बान का विचार किया जायगा तो मैं जानना चाहता हूं कि पठानिस्तान की पठान जनता जो आजादी की भूख है और पूर्वी बंगाल की जनता की जो आजादी की भूख है उस को मद्देनजर रखते हुए क्या सरकार पठान लोगों को और पूर्वी बंगाल की जनता को हर तरह से सहायता करेगी जिससे यह जो अलगाव हुआ है वह जल्द से जल्द खत्म हो जाए ?

**Mr. Speaker:** The first part of the question alone need be answered, namely whether there would be a short-term policy or a long-term policy.

श्री नन्दा : जहां तक हमारा सम्बन्ध है, हम तो दूर तक देखने की कोशिश करते हैं, लेकिन उस से दूसरों का भी ताल्लुक है, अगर वे दूर तक न देखें तो हम क्या कर सकते हैं ।

श्री रामसेवक यादव (बाराबंकी) : अभी जो डाक्टर साहब ने सवाल पूछा उसी को मैं पूछना चाहता हूं । क्या भारत सरकार इस डर से कि उसे साम्राज्यशाही

कहा जाएगा, ऐसी नीति अपनाती रही है कि जिस से उस को शेख और इसी तरह के लोग मिलते रहे हैं और साथ साथ सरहदी गांधी जैसे लोगों को हम खोते रहे हैं ? क्या सरकार आयन्दा अपनी नीतियों में, जिस से कि हिन्दुस्तान की आजादी और एका कायम रहें, मात्रा भेद करने की जरूरत महसूस करती है या नहीं ?

**श्री नन्दा** : यह जो आजादी और एकता की भावना है यह बहुत ठीक है । हम इसी दिशा में कोशिश करेंगे ।

**श्री बागड़ी** (हिसार) : अध्यक्ष महोदय, मैं यह जानना चाहता हूं कि देश के विभिन्न राजनीतिक नेताओं और कार्यकर्ताओं को देश हित के नाम पर नजरबन्दी कानून के मातहत या भारत सुरक्षा कानून के अन्तर्गत गिरफ्तार किया जाता है, उन के खर्च में और शेख अब्दुल्ला के खर्च में, जिन को कि देश के हित के नाम पर गिरफ्तार किया गया है, क्या अन्तर है ? और अगर अन्तर है तो ।

क्यों सरकार शेख अब्दुल्ला पर कितना खर्चा कर रही है और बाकी लोगों पर कितना कर रही है ।

**श्री नन्दा** : यह तो हालात के ऊपर आधारित है ।

**श्री बागड़ी** : यह साफ नजर आ रहा है कि शेख अब्दुल्ला, जिनको देश की गद्दारी के लिए गिरफ्तार किया गया है, को एक बहुत बड़े महल में सरकार रख रही है, और बाकी जो साम्यवादी इस अपराध में गिरफ्तार किए गए हैं और जो समाजवादी गिरफ्तार किए गए हैं उन को जेलों में ठूंस दिया गया है । शेख के साथ शुरू से ही ऐसा अच्छा बरताव क्यों किया जा रहा है ?

**अध्यक्ष महोदय** : इस का उत्तर आ गया । आर्डर आर्डर । आप बैठ जायें, मैं ने आप से कहा ।



**श्री बागड़ी** : देश की जनता को जब तक सारी बात का पता नहीं लगेगा .

**अध्यक्ष महोदय** : आप बैठ जायें, बाकी लोगों को भी पूछने दीजिए ।

**Shri Alvares** (Panjim): The vicissitudes of the history of Kashmir have been due to the utter dependence by the Government of India on some personality or other at some time or the other. In view of the fact that this is always a dangerous position, will Government now take speedy action for the complete integration of Jammu and Kashmir with the Indian Union?

**Shri Nanda**: So far as Jammu and Kashmir is concerned, we have all along declared that it is completely integrated with India, and various other steps of an administrative kind have been progressively taken.

**Shri Hem Barua**: On a point of order.

**Mr. Speaker:** I might be allowed to proceed. Shri Dwivedy.

**Shri Surendranath Dwivedy** (Kendrapara): While appreciating the steps that have been taken by Government with regard to the arrest of Sheikh Abdullah, may I know whether the belongings of Sheikh Abdullah and his companions were searched and any papers seized before their arrest which might have given a clue to their anti-national activities abroad? Also does Government not think that the activities of prominent followers of Sheikh Abdullah who are still at large are also a threat to the security of the country?

**Shri Nanda**: So far as the various followers of Sheikh Abdullah are concerned, in Jammu and Kashmir, the Jammu and Kashmir Government is doing all that is called for.

I have no information regarding the other matter.

**Shri A. P. Sharma** (Buxar): What is the amount likely to be spent on Sheikh Abdullah and why is a better treatment given to him than others?

**Mr. Speaker:** We will deal with that sometime afterwards.

**श्री प्रकाशवीर शास्त्री** (बिजनौर) : शख ग्रब्दुल्ला के सम्बन्ध में पिछले 17 सालों में भारत सरकार बराबर भूल पर भूल करती चली ग्रा रही है । कल प्रात:काल सुबह की भूली हुई सरकार शाम को घर ग्रायी । गिरफ्तारी तो सुबह ही हुई, लेकिन कहावत के ग्रनुसार बहुत दिनों बाद सरकार सही रास्ते पर ग्रायी, जिस के लिए गृह मंत्री महोदय को धन्यवाद देते हुए मैं यह जानना चाहता हूं कि जिस तरह से ब्रिटेन ने ग्रौर ग्रमरीका ने ग्रपना प्रभाव डाल कर कच्छ में हिन्दुस्तान की प्रतिष्ठा को नीचा किया है, क्या इसी प्रकार बाहर के किन्हीं देशों ने या देश के ग्रन्दरूनी नेताग्रों ने, जैसे श्री ग्राचार्य विनोबा भावे तथा श्री जय प्रकाश नारायण ने, ग्राप के ऊपर कोई प्रभाव डाला है कि इस समय शेख ग्रब्दुल्ला की गिरफ्तारी करके गलती की है ? यदि हां, तो इस प्रभाव में ग्रा कर सरकार दोबारा ग्रपनी गलतियों को दुहराना तो शुरू नहीं कर देगी ?

**श्री नन्दा** : सब कुछ सोच समझ कर किया गया है ग्रौर इस में किसी के प्रभावित करने का कोई सवाल नहीं है ।

**Dr. L. M. Singhvi** (Jodhpur): While the decision to arrest and detain Sheikh Abdullah would be welcomed all over the country, we would like to know whether the Home Minister would disclose to us now or at a later date of his own choosing, the facts and considerations which compelled the Government to take this decision, as well as to tell us whether it is proposed to deal with his followers, particularly the Plebiscite Front in Jammu and Kashmir, in a similar way?

**Shri Nanda:** Regarding the activities, a great deal is known to the hon. Members already. When any further occasion arises, I will give them more details.

**Shri S. M. Banerjee** (Kanpur): At the time of the last detention also, Sheikh Abdullah was considered to be a hero because he was not tried properly and expeditiously. I would like to know whether, apart from interning Sheikh Abdullah, which, according to me, is a very correct move, Government would charge him and try him properly for doing certain things which are of a seditious nature, so that he may not remain a hero before the people of Kashmir?

**Shri Nanda:** I hope he is not a hero in the eyes of the hon. Member. He is not a hero in the eyes of the other people of India.

**Shri S. M. Banerjee:** You are still worshipping Jaya Prakash Narain. Mr. Speaker, he should answer my question as to whether they are going to try him.

**Mr. Speaker:** Shri Indrajit Gupta.

**Shri Indrajit Gupta** (Calcutta Southwest): Some suggestions, thrown out perhaps by interested parties, have appeared in certain sections of the press suggesting that this action which the Government has taken might have taken a different course if some letter which Sheikh Abdullah is alleged or reported to have written, addressed to the Prime Minister or the Home Minister, I do not know who, from Jeddah, which he is supposed to have handed over to our Ambassador in Saudi Arabia for transmission, had been received. That was apparently never received. I would like to have a clarification as to what the actual fact is because we do not like to read these things in the press every day. Has any enquiry been made from our Ambassador to know whether any such letter was handed over to him in Jeddah for transmission to our Government, and if so, what happened?

**Shri Nanda:** We have not learnt of any such claim being made of a letter handed over personally.

**Shri Hem Barua:** His son-in-law made that claim.

**Shri Nanda:** We have not received anything of that kind. At any rate, I have not got any such letter.

**Shri D. C. Sharma** (Gurdaspur): While I congratulate the hon. Home Minister for taking timely action. I want to ask him whether he is aware of the fact that there are some regular, active and persistent pro-Abdullah cells not only in Delhi, but elsewhere also, that those cells are not only in India, but that there is also a cell in the Pakistani Embassy? May I know what steps the Government is going to take to deal with the cell which is not only in the civilian population of this city, but also in the Pakistan High Commissioner's office?

**Shri Nanda:** About the contacts of Sheikh Abdullah with the Pakistan Embassies at other places also, we have come to know, and naturally in our country if there is any such undesirable activity, any kind of cell, we will be certainly watching all that, and taking suitable action.

**श्री ओंकार लाल बेरवा** (कोटा) : मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या मृदुला साराभाई ने राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधान मंत्री से शेख अब्दुल्ला की गिरफ्तारी के बारे में मिलना चाहा था और यदि वे मिलीं तो उन की वार्त्ता का क्या परिणाम निकला ?

**श्री नन्दा** : मेरा ख़याल है कि नहीं मिली हैं, लेकिन मृदुला साराभाई के किसी ख़त वग़ैरह को मैं कोई इम्पोर्टेन्स एटैच नहीं करता । **(इंटरप्शंस)**

**श्री मधु लिमये** : प्रश्न का उत्तर उन्हों ने नहीं दिया है कि क्या सरकार को साम्राज्य-शाह कहलाने का डर है ।

**अध्यक्ष महोदय** : आर्डर, आर्डर ।

**डा० राम मनोहर लोहिया** (फर्रुखाबाद) : मेरा एक व्यवस्था का सवाल है . .

**अध्यक्ष महोदय** : डा० साहब मैं इस वक्त इस तरह से नहीं ले सकता क्योंकि 20 सवाल हो चुके हैं और जवाब आ चुके हैं ।

**डा० राम मनोहर लोहिया** : मेरा एक सवाल यह था कि .

**अध्यक्ष महोदय** : डा० साहब अब इस वक्त और सवाल नहीं आ सकते । 20, 25 सवाल हो चुके हैं ।

**डा० राम मनोहर लोहिया** : उस वक्त मैं ने आप की इज्जत की और बीच में टोका नहीं ।

**अध्यक्ष महोदय** : अगर आप ने उस वक्त इज्जत की थी तो इस वक्त आप मेरी बेइज्जती क्यों करना चाहते हैं ?

**डा० राम मनोहर लोहिया** : मैं तो चाहता हूं कि मेरे इस सवाल का जवाब मिल जाय . . .

**अध्यक्ष महोदय** : अब और कोई सवाल नहीं हो सकता । मुझे आगे चलने दिया जाय । हाफ़ ऐन ऑवर डिस्कशन—श्री कछवाय ।

**श्री हुकम चन्द कछवाय** : अध्यक्ष महोदय. .

**श्री राम सेवक यादव** : मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है . . . .

**अध्यक्ष महोदय** : अब इस तरह से नहीं चल सकेगा ।

**श्री रामसेवक यादव** : व्यवस्था का प्रश्न यह है . . . . **

**Not recorded.

**Mr. Speaker:** This will not go on record.

*Shri Ram Sewak Yadav then left the House.*

---

**17.26 hrs.**

## *ALLOTMENT OF SCOOTERS TO GOVERNMENT EMPLOYEES

**श्री हुकम चन्द कछवाय** (देवास) : अध्यक्ष महोदय, आज मैं यह आधे घंटे की चर्चा तारांकित प्रश्न संख्या 295 तथा अतारांकित प्रश्न संख्या 727 और 728 के 5 मार्च 1965 को दिये गये उत्तरों से उत्पन्न होने वाली बातों पर उठा रहा हूं ।

सरकारी कर्मचारियों को स्कूटर्स दिये जाने की स्थिति असंतोषजनक है । आज चूंकि उन्हें स्कूटर्स नहीं मिलते हैं इसलिए उन्हें भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है । दिल्ली या जो अन्य बड़े बड़े शहर हैं वहां इसके अभाव में सरकारी कर्मचारियों को काफ़ी दिक्कत पड़ती है । बसों की हालत तो किसी से छिपी हुई है नहीं और उन बेचारों को घंटों बस के इंतजार में खड़े रहना पड़ता है और दफ्तर समय पर न पहुंच पाने के कारण अफसर की फटकार सुननी पड़ती है । बस स्टैंड्स पर आप सरकारी कर्मचारियों की लाइन की लाइन इंतजार में घंटे घंटे खड़ी देख सकते हैं जोकि बरसात में भीगते खड़े रहते हैं और गरमी के दिनों में धूप में तपते रहते हैं । इतनी कठिनाई सहने के बाद भी यदि वह समय पर दफ्तर में नहीं पहुंचते हैं तो अफसर उन्हें डांट फटकार सुनाता है और निकाल देने को कहता है । इन सारी कठिनाइयों को देखते हुए यह परमावश्यक हो जाता है कि सरकारी कर्मचारियों को स्कूटर्स देने की नीति में तत्काल सुधार किया जाय ताकि उन्हें काफ़ी तादाद में स्कूटर्स मिल सकें । आज सरकारी कर्मचारियों को स्कूटर्स बांटने की जो व्यवस्था है वह एकदम ग़लत व्यवस्था है । मैं यह कहना चाहता हूं कि आज जितने लोग स्कूटर्स मांगते हैं उन में से कितने लोग स्कूटर्स पाते हैं ?

**17.27 hrs.**

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

सवाल नम्बर 727 के उत्तर में मंत्री महोदय ने बतलाया था कि 5-2-1965 तक गजेटेड आफिसर्स से स्कूटर्स के लिए ऐप्लीकेशंस की तादाद 6281 है जब कि दूसरे नौन-गजेटेड आफिसर्स से स्कूटर्स की ऐप्लीकेशंस की तादाद 11431 है जो कि दोनों का कुल टोटल 17712 होता है । इन के अतिरिक्त सुरक्षा मंत्रालय से उस तारीख़ तक 17000 अर्जियां और आ गयी हैं जिसका कि मतलब यह हुआ कि मंत्रालय के पास 35000 से भी कुछ अधिक अर्जियां पहुंची हुई हैं । लेकिन देखना तो यह है कि हमारे पास स्टाक में कुल स्कूटर्स कितने हैं और हमें मिलते कितने हैं ? हमें तीन महीने के अन्दर 1060 मिलते हैं । सेंट्रल गवर्नमेंट के कोटे से वेरियस कैटेगरीज के कर्मचारियों को स्कूटर्स जो 1-1-63 से 31-12-64 तक अर्थात् दो साल के बीच में बांटे गये, उनकी कुल तादाद 5229 थी । अब जो मौजूदा क्वार्टरली अर्थात् तिमाही कोटा स्कूटर्स का है वह 1060 का है और उसके हिसाब से दो साल का कोटा 8480 होता है लेकिन बंटे कितने ? इस बारे में हम सरकार से सवाल पूछते हैं कि आख़िर यह कोटा क्यों नहीं बांटा जाता है तो कोई उत्तर नहीं मिलता है । आख़िर यह घुटाला क्यों है और यह कोटे के मुताबिक 3251 स्कूटर्स कहां चले गये जब कि आप का दो साल का कोटा स्कूटर्स का 8480 होता है ? स्कूटर्स के अलावा 600 मोटर साइकिलें भी सरकार को प्राप्त होंगी । अलग अलग मोटर साइकिलों की कम्पनियां हैं जिन से कि यह 600 सरकार

*Half-an-hour Discussion.